भिलाई क्षेत्र में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में अब तक1 लाख 39 हजार 138 लोगों का हो चुका है इलाज

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का बेहतर क्रियान्वयन भिलाई निगम क्षेत्र में किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र में नवंबर 2020 से शुरू हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट में अब तक 1756 शिविर लगाए जा चुके है जिसमें 139138 लोग पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ ले चुके है। निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली और लोगों की जागरूकता से यह संभव हो पाया है। निगम क्षेत्र में योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए महापौर नीरज पाल के निर्देश तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास के लगातार मॉनिटरिंग के चलते लोगों को बेहतर चिकित्सा स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। योजना के प्रारंभ होने के बाद से ही फ्री में इलाज का सपना साकार हो गया है , मोबाइल मेडिकल टीम अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार गली , मोहल्लों में पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगने वाले शिविर में अनुभवी चिकित्सक, नर्स के अलावा लैब टेक्नीशियन भी उपलब्ध रहते है , जो लैब में टेस्ट कर इसकी रिपोर्ट मरीजों को शीघ्र उपलब्ध कराते है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा प्रारंभ की गई निःशुल्क स्वास्थ्य की योजना सफल हो रही है , भिलाई निगम क्षेत्र में मोबाइल टीम ने कई दुर्घटना से घायल लोगो , गंभीर बीमारी तथा लंबे समय से बीमार रहने वाले मरीजों का इलाज भी किया है, निगम क्षेत्र के वार्डो में क्रमशः शिविर लगाते हुए लोगों को उनके गली , मोहल्लों में ही जांच व इलाज कर रहे है। स्वास्थ्य शिविर लगने वाले क्षेत्र में मितानिन , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मोहल्ले वासियों को अवगत कराया जाता है, इसके अतिरिक्त मुनादी के माध्यम से प्रचार किया जाता है। अनुभवी डॉक्टर के माध्यम से बेहतर चिकित्सा के साथ ही नि:शुल्क दवाइयों का लाभ भिलाई के नागरिक ले रहे हैं। लोगों ने बीपी , शुगर, यूरिन, हिमोग्लोबिन, डब्ल्यूबीसी, आरबीसी, प्लेटलेट्स ब्लड ग्रुपिंग, मलेरिया जैसे सामान्य बीमारियों की जांच के लिए लैब टेस्ट करा रहे है , किसी भी तरह के जांच के लिए इंतजार नहीं करना पड़ रहा है बहुत ही कम समय में जांच की रिपोर्ट दी जाती है , शिविर में आने वाले मरीजों के जांच व चिकित्सकीय परामर्श के बाद 125269 लोगों को उपचार हेतु दवाईयां वितरित की गई है।